**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

-------

**<u>राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को आवास जाकर दी जन्म दिवस की बधाई</u>**

लखनऊः 5 जून, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज 5 कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्म दिवस की बधाई दी। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ एवं अपनी पुस्तक 'चरैवेति! चरैवेति!!' के संस्कृत संस्करण के द्वितीय प्रकाशन की प्रथम प्रति भेंट कर उनके स्वस्थ एवं शतायु होने की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री से राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय राज्यपालों के सम्मेलन में हुई चर्चा पर भी बात की।

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्म दिवस की बधाई देते हुये कहा कि आप जनता के विश्वास और अपेक्षा के अनुरूप प्रदेश के विकास को दिशा एवं गति प्रदान करें, जिससे उत्तर प्रदेश 'उत्तम प्रदेश' बनने की दिशा में अग्रसर हो।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्री राम नाईक आज सायं ही नई दिल्ली से वापस लौटते हुये हवाई अड्डे से सीधे मुख्यमंत्री आवास पहुंचे।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन (226/3)





